LOYOLA COLLEGE (AUTONOMOUS), CHENNAI – 600 034

U.G. DEGREE EXAMINATION – **LANGUAGES**

SECOND SEMESTER – **APRIL 2023**

UOL 2102 – GENERAL HINDI - II

Date: 05-05-2023 Dept. No. Max. : 100 Marks

Time: 01:00 PM - 04:00 PM

	SECTION A - K1 (CO1)
	सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (10 x 1 = 10)
1.	**निम्नलिखित की परिभाषा लिखिए।**
a)	सगुण भक्ति
b)	मुरझाया फूल
c)	साहित्य
d)	राष्ट्रकवि
e)	आधुनिक काल
2.	**रिक्त स्थानों को भरिए।**
a)	कबीर दास जी ___________ सुधारक थे।
b)	रहीम का पूरा नाम ___________ है।
c)	कृष्ण माँ से ___________ न बढ़ने की शिकायत करते हैं।
d)	कलम ___________ का प्रतीक है।
e)	महादेवी वर्मा ______ युग की कवयित्री है।
	SECTION A - K2 (CO1)
	सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (10 x 1 = 10)
3.	**सही जोड़े बनाइये।**
a)	कबीर - मुझे पुकार लो
b)	हरिवंशराय बच्चन - बीजक
c)	शमशेर बहादुर सिंह - कलम या तलवार
d)	रामधारी सिंह दिनकर - सूरसारावली
e)	सूरदास - भारत की आरती
4.	**सही और गलत बताएँ।**
a)	कबीर सगुणवादी थे।
b)	रहीम के पिता का नाम बैरम खान था।
c)	सूरदास जी का मुख्य वर्ण्य विषय रामलीला का गान है।
d)	बच्चन जी का वास्तविक नाम हरिवंश श्रीवास्तव है।
e)	निराला ने महादेवी वर्मा जी को हिंदी के विशाल मंदिर की सरस्वती कहा है।

SECTION B - K3 (CO2)	
	किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(2 x 10 = 20)**
5.	जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नांहि। सब अँधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या माँहि।।
6.	सो रहा अब तू धरा पर, शुष्क बिखराया हुआ गंध कोमलता नहीं, मुख मंजु मुरझाया हुआ।
7.	कहाँ मनुष्य है जिसे कमी खली न प्यार की, इसीलिए खड़ा रहा कि तुम मुझे दुलार लो!
8.	ऊँच-नीच का विधान नत होवे साधिकार जनता उन्नत होवे जो समाजवाद जय पुकारती।
SECTION C – K4 (CO3)	
	किन्हीं दो का उत्तर लिखिए। **(2 x 10 = 20)**
9.	'साँप और चंदन' के वृक्ष का उदाहरण देकर कवि क्या बताना चाहते हैं।
10.	'मेरो मन अनत कहाँ सुख पावै' पद का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए।
11.	'कलम और तलवार' में क्या भेद है? समाज के लिए इनमें से क्या जरूरी है, स्पष्ट कीजिए।
12.	'भारत की आरती' कविता में कवि हमारी मातृभूमि के बारे में क्या कहना चाहते हैं?
SECTION D – K5 (CO4)	
	किसी एक का उत्तर लिखिए। **(1 x 20 = 20)**
13.	पठित दोहों के आधार पर कबीर दास जी के विचारों को समझाइए।
14.	सूरदास जी के पदों के आधार पर उनका वात्सल्य प्रेम का वर्णन कीजिए।
SECTION E – K6 (CO5)	
	किसी एक का उत्तर लिखिए। **(1 x 20 = 20)**
15.	'मुरझाया फूल' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।
16.	'मुझे पुकार लो' कविता का सारांश लिखकर कवि की भावना पर प्रकाश डालिए।

****